Title: Need to declare the roads linking Palanpur-Kandla-Khed Braha-Shyamla and Ahmedabad-Abu road as National Highways - laid.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा का मुख्यालय पालनपुर कई बड़े शहरों के बीच में है। कांडला एवं श्यामलाजी वाया अम्बा जी, अहमदाबाद एवं आबू रोड को आने जाने के लिए पालनपुर शहर का प्रयोग किया जाता है। इन शहरों के पर्यटन केन्द्र एवं धार्मिक केन्द्रों को आने जाने के लिए पालनपुर से आया जाया जाता है। परन्तु पालनपुर से इन शहरों को जाने के लिए कोई अच्छी सड़क नहीं है और न ही सड़क की कोई अच्छी सुविधा है। जिससे इन पर्यटन केन्द्र और धार्मिक केन्द्रों को जाने वालों को बहुत ही दिक्कत होती है। इस संबंध में सरकार से काफी वर्षो से इस संबंध में मांग की जा रही है परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। सड़क बननने से पर्यटन केन्द्रों को बढ़ावा मिलेगा और उत्तर गुजरात के औद्योगिक पिछड़ेपन को सहायता मिलेगी।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि कांडला से अम्बा जी, खेड़ ब्रह्मा एवं श्यामला जी होते हुए मध्य प्रदेश तक के लिए एवं अहमदाबाद से आबू रोड़ जाने के लिए एक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाये। जिससे पर्यटन केन्द्र को बढ़ावा मिल सके।

* Treated as laid on the Table.